दिनांक 08.09.2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

गौरवपथ में अवैध कब्जा कर व्यवसाय करने वालों को किया गया बेदखल

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है , जोन 02 वैशालीनगर क्षेत्र में निगम के राजस्व विभाग की टीम वैशालीनगर गौरवपथ के किनारे बांस, बल्ली से कब्जा कर व्यवसाय करने की शिकायत पर दो अलग -अलग स्थान पर कार्यवाही करते हुए बेदखल कर तोड़फोड़ उपरांत सामग्री को जप्त किया गया। निगम क्षेत्र में अतिक्रमण, अवैध निर्माण करने वालों पर शिकंजा कसने निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने अधिकारी/कर्मचारियों की टीम बनाई है जो ऐसे कार्य करने वालों पर नजर रखते हुए उन पर कार्यवाही कर रहे है। कार्यवाही के दौरान ओम शांति ओम चौक पर सड़क को घेरकर मछली व्यवसाय करने से आवागमन बाधा करने वालों को भी हटाया गया। जोन 02 के सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम ने बताया कि वैशाली नगर की जोन आयुक्त पूजा पिल्ले के निर्देश पर अवैध कब्जा करने वाले दो स्थानों पर कार्यवाही की गई।

जनसम्पर्क अधिकारी